






## एक नजर में

### नवोदय स्कूल में पुलिस ने बच्चों को बाल विवाह पास्को एक्ट समेत अपराध के कानून समझाए



**पंधाना।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में मुस्कान विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस बल खंडवा ने 09 से 12 वीं तक के बालक एवं बालिकाओं को गुड टच-बेड टच, महिला अपराध, नशीले पदार्थों के सेवन ब्लैकमेलिंग एवं उनसे होने वाले दुष्परिणाम,बाल विवाह,बाल अपराध बाल/बंधुआ मजदूर,1090 महिला अपराध,1930 साइबर अपराध, 1098 चाईल्ड हेल्प लाईन, डायल 112 , दहेज प्रताड़ना, पास्को एक्ट, भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत बालक बालिकाओं के क्रिया कलापों, आचरण, व्यवहार से संबंधित अपराधों के बारे में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रॉय, उप पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह चौहान थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा महिला थाना प्रभारी सुलोचना गेहलोद ने जागरूक किया। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल एवं 20 टीचर व करीब 550 छात्र,छात्राएं उपस्थित थे।

### सद्भावना मंच अध्यक्ष ने कलेक्टर का किया सम्मान



**खंडवा।** जल संरक्षण कार्य में खंडवा जिला देश में सराहनीय एवं सर्वश्रेष्ठ जिला चयनित होने पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली में खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता को सम्मानित किया गया।खंडवा जिले को गौरवान्वित किये जाने पर सद्भावना मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन ने लोकप्रिय कलेक्टर ऋषव गुप्ता का सम्मान किया।

### आक्रोश : रैली निकाली, ज्ञापन सौंपा





**खंडवा।** सामान्य अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संस्था (स्पीक) जिला शाखा खंडवा के आव्हान पर जिले के शासकीय अधिकारी कर्मचारियों ने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में दिए गए अपमानजनक बयान के विरोध में कलेक्टर प्रांगण में संतोष वर्मा को बर्खास्त करो, बेटी का सम्मान करो, कर्मचारी एकता जिंदाबाद,संतोष वर्मा मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए रैली निकाली एवं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर खंडवा को सौंपा। कलेक्टर खंडवा की ओर से सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने यह ज्ञापन ग्रहण किया। ज्ञापन का वाचन करते हुए स्पीक जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मंडलोई ने कहा कि आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के बारे में अत्यंत आपत्तिजनक निंदनीय एवं असंसदीय टिप्पणी की गई है।इस अनर्गल बयान से समाज के साथ ही अधिकारी कर्मचारियों में बहुत अधिक रोष व्याप्त है।हम शासन प्रशासन से यह मांग करते हैं कि ऐसे निंदनीय बयान देने वाले पूर्व से ही विवादित अधिकारी संतोष वर्मा को प्रदत्त आईएएस अवार्ड वापस लेते हुए उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाए एवं उनके पूर्व के आपराधिक कृत्यों की शीघ्र एवं त्वरित जांच करते हुए भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडित भी किया जाए। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष अजय तिवारी,राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजीव मालवीय, सचिव एन के सोनी, महिला शाखा अध्यक्ष मनीषा पाटिल, राजस्व कर्मचारी संघ अध्यक्ष गिरिराज सिंह सेंगर,तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष मंगलेश उपाध्याय,लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ संभागीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर मराठे,विद्युत मंडल संघ पदाधिकारी दीपक तिवारी,संजय चौरे,प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष सुमेर सिंह सोलंकी, सचिव सुखदेव पटेल,लघु वेतन कर्मचारी संघ अध्यक्ष अनिल पूर्वे,सचिव राजेंद्र राठौर,कलेक्टर कर्मचारी संघ पदाधिकारी विशाल जोशी,प्रदीप तिवारी, कोषालय कर्मचारी संघ के नीति गुप्ता,विक्रम चतुर्वेदी,मयंक लोकरे,आजाद अध्यापक संघ अध्यक्ष शिवनाथ मिश्र,महिला बाल विकास कर्मचारी संघ के दीपक दुबे, वन कर्मचारी संघ के रविन्द्र चौहान,जितेंद्र चौहान,संजय गौर,जल संसाधन कर्मचारी संघ के इंद्रपाल सिंह कुशवाह,स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संजय गीते सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।आभार प्रदर्शन प्रफुल्ल शुक्ला ने किया।

### संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन

**खंडवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस,श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खंडवा में संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक 26/11/2025 को संविधान प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागृह में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय पंधाना महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. आलोक राय तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सोमपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार गोयल, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप फरे, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण सोलंकी तथा रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेश भाबोर ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मुख्य अतिथियों एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात स्वाती कुशवाहा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। मंच-संचालन की जिम्मेदारी पूजा सोनवणे एवं दीपांशी विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट रूप से निभाई। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक राय ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत रा.से.यो बैज लगाकर एवं पौधे भेंट कर किया गया। स्वागत गीत का प्रस्तुतीकरण काजल और लॉयन द्वारा किया गया। रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. महेश भाबोर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संविधान की भावना एवं प्रस्तावना के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथि व्याख्यान के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. आलोक राय ने मध्य प्रदेश में हाल ही में घटित दो प्रमुख घटनाओं के उदाहरण देते हुए संविधान की प्रासंगिकता,नागरिक कर्तव्यों और प्रस्तावना के आदर्शों को अत्यंत सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। प्राचार्य डॉ.सोमपाल सिंह ने संविधान की मूल भावनाओं,नागरिक अधिकारों और विद्यार्थियों की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। प्रो. कुलदीप फरे ने भारतीय लोकतंत्र में संविधान की महत्ता पर विचार व्यक्त किए तथा डॉ. सुनील कुमार गोयल ने विद्यार्थियों को देश के जिम्मेदार नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. कृष्णा सोलंकी द्वारा सभी अतिथियों, आयोजकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

## वर्मा के फोटो पर कालिख पोती,चप्पलों से पीटा





**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** ब्राह्मण बेटियों पर दिए बयान पर घिरे IAS संतोष वर्मा के खिलाफ आक्रोश थमता नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार को खंडवा में ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने संतोष वर्मा की फोटो पर कालिख पोतकर चप्पलों से पीटा।

महिलाओं ने कोतवाली थाना पहुंचकर नारेबाजी की और FIR दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान भारी आक्रोश देखने को मिला। संतोष वर्मा पर एफआईआर की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी भी की गई है।

### संपत्ति की जांच कराएं

सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने कहा कि ऐसे बयानबाज़ी करने वाले अधिकारी पर सख्त कार्रवाई हो, संपत्ति की जांच भी कराई जाए। ऑल इंडिया सर्विस कंडक्ट रूल के तहत विभागीय जांच की भी मांग उठाई। बता दें कि कल भी ब्राह्मण समाज समेत अन्य समाजों के लोग कोतवाली पहुंचे थे, जहां उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई थी।

### महिलाओं का प्रभावी प्रदर्शन

*महिलाओं ने मोर्चा संभालते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी रचना तिवारी ने कहा है कि संतोष वर्मा पर जो भी केस आज तक चल रहे हैं वो सारे खोले जाएं और कार्रवाई की जाए। ब्राह्मण समाज हमेशा समाज हित में काम करता आया है इसलिए ऐसी टिप्पणियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। आक्रोशित महिलाओं ने यहां तक कह डाला कि अगर संतोष वर्मा उनके सामने होते तो वो खुद उनकी पिटाई करते।*

## लव जिहादी शहबाज का मकान तोड़ा, त्रस्त युवती ने की थी आत्महत्या !



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। जिले की हरसूद तहसील के मुख्यालय में मोहन सरकार का प्रशासन आक्रामक दिखा। यहां लव जिहाद के आरोपी शाहबाज का घर बुलडोजर से रौंद दिया गया। जेसीबी के पंजे खौफ दिखा रहे थे, इस समय तमाशा देखने वाले और पुलिस, प्रशासन मौजूद था।**

ज्ञातव्य है कि अरबाज शाह नाम का युवक लंबे समय से एक युवती पर उत्पीड़न संबंधी दबाव बना रहा था। बार-बार उसे परेशान कर रहा था। इसी बीच परेशान होकर युवती ने आत्महत्या कर ली थी।

### हरसूद छनेरा की स्थिति अब शांत

युवती की मौत से समाज में भारी विरोध उपज रहा था। युवती की मौत के बाद कुछ स्थान पर तनाव की स्थिति भी थी। जिले में योगी सरकार का स्टाइल पहली बार दिखा। आरोपी के मकान तबाह कर दिए। दरअसल खंडवा जिले के हरसूद थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह नगर परिषद और प्रशासन की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में एक मकान पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### संगठनों ने किया था प्रदर्शन

यह मकान आरोपी अरबाज शाह का है, जिस पर एक युवती के उत्पीड़न का गंभीर आरोप है। मामले को लेकर पूर्व में क्षेत्र में तनाव की स्थिति भी बन चुकी थी। परिजनों व संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया गया था।

### अतिक्रमण संबंधित कई नोटिस दिए थे

प्रशासन का कहना है कि संबंधित मकान शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाया गया था। नियमानुसार मकान मालिक को पूर्व में कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन तय समय-सीमा में कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई से पहले घर में रखा सामान सुरक्षित रूप से हटाकर अन्य स्थान पर रखवाया गया।

### न्यायिक प्रक्रिया पूरी नहीं करने का आरोप

वहीं,आरोपी के परिजनों ने इस कदम को अनुचित बताया और कहा कि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही कोई कठोर निर्णय लिया जाना चाहिए। प्रशासन का कहना है कि कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है।

## संविधान दिवस सीआईएसएफ यूनिट एनएचडीसी खंडवा में गरिमा और देशभक्ति के साथ मनाया

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदानगर।** संविधान दिवस को सीआईएसएफ यूनिट एनएचडीसी खंडवा में गरिमा और देशभक्ति के साथ मनाया गया, जहाँ सभी कार्मिक संविधान की प्रस्तावना वाचन समारोह हेतु यूनिट मुख्यालय में एकत्रित हुए।



सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, यूनिट कमांडर ने प्रस्तावना वाचन का नेतृत्व किया, जिसमें सभी कार्मिकों ने निष्ठा और राष्ट्रीय गौरव के साथ भाग लिया।

प्रस्तावना,जिसमें भारत को एक प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी,पंथनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया है तथा सभी नागरिकों को न्याय,स्वतंत्रता, समानता और बंधुता सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया गया है, सामूहिक रूप से वाची गई।इस समारोह ने सीआईएस एफ कार्मिकों की इन आदर्शों को व्यक्तिगत जीवन और व्यावसायिक दायित्वों में पालन करने की प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ किया। कार्यक्रम ने राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करने के संकल्प को रेखांकित किया। कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, अनुशासन और पेशेवर उत्कृष्टता के साथ करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्मिकों ने संविधान निर्माताओं की महान दृष्टि को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर ने कानून के शासन के सम्मान तथा मूलभूत अधिकारों की रक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा दिया। संविधान दिवस ने कार्मिकों में सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित करने की नई प्रेरणा जागृत की। समारोह का समापन राष्ट्र की सेवा को संविधान की सच्ची भावना के साथ पूर्ण समर्पण से जारी रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

## जल संरक्षण को लेकर अभी काफी कुछ करना बाकी है : कलेक्टर



**नवभारत न्यूज**


**खंडवा।** घर का पानी घर में,खेत का पानी खेत में रोकने के लिए आज की आवश्यकता के अनुसार हमें कदम उठाने होंगे।जल ही जीवन है इसकी उपयोगिता को समझते हुए जल संरक्षण की आज काफी आवश्यकता है, जिसे हम कम बजट में पूर्ण कर सकते हैं यह बात गुरुवार को स्थानीय सेंट जोसफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खंडवा के शाला प्रांगण में जल संरक्षण को लेकर आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कही।

### स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की जल संरक्षण को लेकर कार्यशाला

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जल संरक्षण को लेकर कलेक्टर के साथ ही अधिकारियों कर्मचारी के प्रयासों से हमारा जिला देश में प्रथम स्थान पर आया है और इसके लिए देश की राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के द्वारा कलेक्टर सम्मानित हुए हैं, लेकिन अभी जिले में पानी को संवेरने को लेकर और काफी कुछ करना बाकी है। कलेक्टर श्री गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में कई प्रकार के आयोजन किये जा रहे हैं, गुरुवार को सेंट जोसेफ स्कूल में विद्यार्थी एवं अभिभावकों की जल संरक्षण को लेकर आयोजित कार्यशाला को कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबोधित किया।आपने जल की महत्ता को बतलाते हुए कहा कि जल संरक्षण अब अति आवश्यक हो गया है । पहले नैसर्गिक रूप से जल संरक्षण हो जाया करता था किंतु आज भूमि पर सीमेंटीकरण आदि होने के कारण संभव नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए हम सभी को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है ।आपने अभिभावकों को जानकारी देते हुए कहा कि आप घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाएँ । कृषि क्षेत्रों अपने घरों में कैसे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम काम कर सकता है, इसकी विस्तार से जानकारी दी सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर लगभग 350 अभिभावकों एवं कक्षा नवीं और दसवीं के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यशाला में कार्यशाला में भागीदारी की। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों के द्वारा प्रश्नों की सहायता से अपनी जिज्ञासा को शांत किया गया । दूसरी ओर कुछ अभिभावकों ने अपनी समस्या व उनके समाधान पर भी चर्चा की ।

इस अवसर पर जिलाधीश ऋषव गुप्ता , जिला शिक्षा अधिकारी पीएस. सोलंकी , शाला प्राचार्या सिस्टर नेहा,शाला प्रबंधिका सिस्टर विभा एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी ।

## महत्वपूर्ण रूप से खंडवा मूंदी सड़क मार्ग बजट में शामिल हो



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।बुधवार 26 नवंबर का दिन खंडवा, मान्धाता, पंधाना क्षेत्र के लिए विकास की सौगात भरा दिन था। प्रदेश भाजपा सरकार के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने खंडवा जिले को लगभग 115 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महत्वपूर्ण रूप से चर्चित खंडवा से डुल्हार सड़क मार्ग जो काफी क्षतिग्रस्त हो चुका था, उसका भूमि पूजन मंत्री राकेश सिंह द्वारा किया गया। खंडवा एवं पंधाना विधानसभा के कुछ गांव एवं जिला मुख्यालय खंडवा को जोड़ने वाले सड़क मार्ग के भूमि पूजन के लिए खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे ने मंत्री को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर खंडवा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विधायक कंचन तंनवे ने आयोजित कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह से उद्बोधन के साथ ही रूबरू चर्चा कर पत्र सोंपा।पत्र में महत्वपूर्ण रूप से खंडवा-मुंदी मार्ग को आगामी बजट में शामिल कर कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह।

प्रस्तावित रिंग रोड बायपास (नहालदा-भंडारिया-कृषि महाविद्यालय बीज केंद्र-अमरावती रोड-टीठिया जोशी-लोहारी-बड़गांव गुर्जर-सिरपुर-कोरगला -छैग़ाव देवी) के शीघ्र अनुमोदन का अनुरोध।

**हरसूद नाका सिहाड़ा**

पढ़ेला हनुमान (4 किमी) मार्ग चौड़ाई बढ़ाने का प्रस्ताव। दो राष्ट्रीय मार्गों का महत्वपूर्ण लिंक।कालमुखी-केलवा (600 मीटर) मार्ग निर्माण से 20-25 गाँवों को मिलेगा सीधा लाभ कालमुखी बनेगा प्रमुख जंक्शन। इन मांगों का पत्र विधायक कंचन मुकेश तन्वे ने मंत्री जी को सौंप कर इसे स्वीकृत करने का अनुरोध किया।

इस अवसर पर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,पंधाना विधायक छाया मोरे,मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा नगर निगम की महापौर अमृता अमर यादव,जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े,भाजपा जिलाअध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, प्रवक्ता सुनील जैन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आमजन उपस्थित थे।

**मांग पत्र सौंपा** — महापौर अमृता अमर यादव ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के सामने कार्ययोजना सहित रखा बड़ा प्रस्ताव

## शहर की 'लाइफ-लाइन' मुख्य सड़क को फोर-लेन का प्रस्ताव

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** महापौर अमृता अमर यादव ने शहर के विकास को लेकर लोक निर्माण मंत्री से मुलाकात कर मांग पत्र दिया। इसमें तकनीकी तरीके से शहर के सड़कें बनाने के प्रस्ताव हैं।

महापौर ने जिला अस्पताल से इंदौर नाका एवं नाके से तोल कांटे तक कांक्रीट सड़क निर्माण को लेकर मंत्री को पत्र और नक्शे दिए हैं।

अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में शहर लगातार विकास की ओर अग्रसर है। बिना भेदभाव के शहर के प्रत्येक वार्डों में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### नई पाइप लाइन से हो रहा जल सप्लाई

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि प्रमुख रूप से शहर में जो पानी की समस्या थी। उसका निदान महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में हो चुका है,और शहर की जनता को पानी की समस्या अब नहीं आ रही है। नई पाइपलाइन के माध्यम से अब शहर में पानी सप्लाई किया जा रहा है।




### डुल्हार में महापौर से लंबी बातचीत

मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा खंडवा जिले में 115 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। डुल्हार में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत खंडवा की महापौर अमृता अमर यादव ने खंडवा डुल्हार सड़क मार्ग के लिए मंत्री राकेश सिंह को धन्यवाद दिया।

### कंक्रीट की मुख्य सड़कें जल्द बनेंगी

महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि सड़क के दुरुस्तीकरण व फोरलेन निर्माण से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं में गति आएगी बल्कि शहर के यातायात प्रबंधन में भी व्यापक सुधार होगा। महापौर द्वारा दिए गए पत्र को मंत्री ने पढ़ा। उल्लेखनीय की महापौर द्वारा जिला अस्पताल से टाउन हॉल, नगर निगम, घंटाघर, मुंबई बाजार से रेलवे स्टेशन तक एवं जलेबी चौक से नगर निगम तक कांक्रीट सड़क स्वीकृत हो चुकी है। शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ होगा।

### नया फिल्टर प्लांट व टंकियां शहर में जल्द

कुछ ही दिनों में नई टंकियां के निर्माण एवं नए फिल्टर प्लांट के प्रारंभ हो जाने के बाद शहर को व्यवस्थित रूप से लगातार शुद्ध जल प्राप्त होगा। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सीवरेज योजना की भी स्वीकृति होकर टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण हो गई है।

### यह रोड फोर लाइन जरूरी

इसी कार्यक्रम में महापौर अमृता यादव ने मंत्री राकेश सिंह को एक महत्वपूर्ण पत्र प्रेषित किया गया, जिसमें नगर के अत्यंत व्यस्त और संवेदनशील मार्ग—जिला चिकित्सालय से इंदौर नाका तथा इंदौर नाका से धर्मकांटा चौराहा तक फोरलेन सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण—के लिए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

### शहर की 'लाइफ-लाइन' है यह रोड

महापौर ने मंत्री से कहा, कि यह मार्ग जिला चिकित्सालय, एम्बुलेंस, मरीज वाहनों एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं का मुख्य लाइफलाइन रोड है। साथ ही शहर के दैनिक यातायात का केंद्रीय मार्ग होने से यहां निरंतर भारी ट्रैफिक दबाव बना रहता है। वर्तमान जर्जर स्थिति के कारण एम्बुलेंस व अन्य वाहनों को बार-बार बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जिससे मरीजों की जान तक खतरे में रहती है।इसके अतिरिक्त वर्षा ऋतु में जलभराव व गड्ढों की स्थिति दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ा देती है, जिससे आम नागरिकों को गंभीर असुविधा झेलनी पड़ती है। जनहित एवं सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महापौर अमृता अमर यादव ने आग्रह किया है कि-जिला अस्पताल से इंदौर नाका तथा इंदौर नाका से धर्मकांटा चौराहा तक फोरलेन सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण कार्य को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।